मौर्य साम्राज्य के प्रमुख शासक: चन्द्रगुप्त मौर्य, बिन्दुसार और अशोक

भाग:-6

डॉ विभूति भूषण
सहायक प्राध्यापक (अतिथि)

प्राचीन इतिहास विभाग

SNSRKS COLLEGE SAHARSA

अशोक का प्रारम्भिक जीवन

बौद्ध परम्परा के अनुसार अशोक शासक बनने से पूर्व अच्छा नहीं था. बौद्ध ग्रन्थ इसे कमाशोक अशोक, चंडशोक कहते है. बौद्ध ग्रंथो का कहना है की उसने अपने 99 भाइयों की हत्या करके राजगद्दी प्राप्त की थी.

बौद्धों की इस सुचना पर आपति जताई गई है. जैसे की अशोक के अभिलेख में उसके भाइयों के नाम मिलते है. लेकिन यह अवश्य लगता है की गद्दी को लेकर कुछ संघर्ष हुआ होगा.

शासक बनने से पूर्व अशोक उज्जयिनी का गवर्नर था. राजतरंगिनी के अनुसार प्रारम्भिक जीवन में वह भगवान शिव का उपासक था. उसने कश्मीर में श्रीनगर की स्थापना की.

अशोक अपने पूर्ववर्ती शासको की भांति भारत के अंदर उग्रगामी साम्राज्यवाद नीति का पोषक था. उसने विदेशो के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध भी बनाये रखा. बौद्ध परम्परा के अनुसार नेपाल भी अशोक के साम्राज्य में शामिल था. यहाँ उसने ललितपाटन नामक नगर बसाया.

अशोक के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण युद्ध कलिंग का युद्ध था जो उसके राज्याभिषेक के 8 वर्षो के पश्चात 261 BC में लड़ा गया.